प्रेषक,

पंजीकृत

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
बरेली मण्डल, बरेली।

सेवा में,

सचिव
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र–2 समुदाय केन्द्र,
प्रीति विहार, नई दिल्ली।

पत्रांकः सी0बी0एस0ई0/ /2021–22 दिनांक 23 जून 2021

विषयः– विनायक इण्टरनेशनल स्कूल, निकट बाईपास, किशनपुर चौधरी, तहसील फरीदपुर, बरेली को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाने के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये अवगत कराना है कि शासनादेश दिनाँक 14–07–09 के कम में गठित समिति के निर्णय दि0 23.06.2021 के क्रम में उक्त संदर्भित विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबंधो के अधीन आपत्ति नहीं है:–

01– विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय–समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

02– विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

03– विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

04– संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्ड्री एजूकेशन नई दिल्ली/कौंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट इक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है, तो उस परीक्षा परिषदों से संबद्धता प्राप्त होने के तिथि से उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगें।

05– संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगें।

06– कर्मचारियों की सेवा शर्ते बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवानिवृत्ति के लाभ उपलब्ध कराये जायेगें।

07– राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, संस्था उनका पालन करेगी।

08– विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र पंजिकाओं में रखा जायेगा।

09– उक्त शर्तो में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्द्धन नहीं किया जायेगा।

उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा, यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबंधों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जाती है, तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा। दिनांक 23.06.2021 को समिति की बैठक में लिए गये निर्णय सम्बन्धी कार्यवृत्त की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नः– कार्यवृत्त की छाया प्रति

भवदीय

(डा0प्रदीप कुमार)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
बरेली मण्डल,बरेली।

क्रमशः 2 पर शेष......

Scanned with CamScanner

पृ0सं0: सी0बी0एस0ई0/ 909-96 /2021—22 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

01 आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली।

02 जिलाधिकारी, बरेली।

03 संयुक्त सचिव, उ0प्र0 शासन, शिक्षा अनुभाग—7 लखनऊ।

04 शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

05 जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली।

06 निरीक्षक, आंग्ल भाषा भारतीय विद्यालय उ0प्र0, लखनऊ।

07 प्रबन्धक,/प्रधानाचार्य विनायक इण्टरनेशनल स्कूल, निकट बाईपास, किशनपुर चौधरी, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली ।

23.06.2021

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
बरेली मण्डल, बरेली।

23/6/2021

Scanned with CamScanner

वित्तीय नियम संग्रह खण्ड—5, भाग—2

प्रपत्र संख्या—43 1 (1)

(प्रस्तर 417 एव 478 देखिए)

धनराशि जमा करने का चालान फार्म

उपकोषागार (नाम बैंकिंग / बैंक का नाम व शाखा—भारतीय स्टेट बैंक, बरेली।

1.जिस व्यक्ति (पदनाम यदि आवश्यक हो) या — विनायक इण्टरनेशनल स्कूल
निकट बाईपास, किशनपुर चौधरी,फरीदपुर बरेली।

संस्था के नाम से धनराशि जमा की जा रही है उसका नाम पता — विनायक इण्टरनेशनल स्कूल
निकट बाईपास, किशनपुर चौधरी,फरीदपुर बरेली।

3.पंजीकरण संस्था / पक्ष का नाम व वाद संख्या........................
(यदि आवश्यक हो)

4.जमा की जा रही धनराशि का पूर्ण विवरण (धनराशि किस हेतु जमा की जा रही है तथा किस विभाग के पक्ष में जमा की जा रही है) — सी0बी0एस0ई0नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण प्रत्र हेतु
0202 शिक्षा खेल कला एवं संस्कृति
01 सामान्य शिक्षा
102 माध्यमिक शिक्षा
09 की गयी सेवाओं की उगाही

5.चालान की सकल राशि — रूपये दस हजार चार सो मात्र

6.चालान की निबल राशि........................

7.लेखाशीर्षक का पूर्ण विवरण / लेखा शीर्षक की मुहर........................

8.लेखाशीर्षक का 13 डिजिट कोड........................

मुख्य लेखाशीर्षक	उपमुख्य शीर्षक	लघु शीर्षक	लघुशीर्षक	व्यौरेवार शीर्षक	धनराशि अंकों में
0 2 0 2	0 1	1 0 2	0 9		10,400—00
					10,400—00

धनराशि शब्दों में...रूपये दस हजार चार सौ मात्र

चलान में लेखा शीर्षक की पुष्टि करने वाले विभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर मुहर सहित

सहायक शिक्षा निदेशक
बरेली मण्डल, बरेली
जमाकर्ता का नाम व हस्ताक्षर

केवल उपकोषागार (नॉन बैंकिंग) / बैंक के प्रयोगार्थ

चालान संख्या... LU 00117 .... अंकों में रू0 10400/-

दिनांक........................ शब्दों में रू0

30 DEC 2020

प्राप्तकिया
प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
उप कोषागार (नॉन बैंकिंग)बैंक की मुहर

Scanned with CamScanner